कब से पुकारू नाम तुम्हारा अब न देर लगा

कब से पुकारू नाम तुम्हारा अब न देर लगा
सांवरियां आ जा ना सांवरिया आ जा ना
कब से पुकारू नाम तुम्हारा अब न देर लगा

तेरे रहते हार रहा मैं ऐसा न दस्तूर तेरा,
इक नजर बस कर दे दया की बालक है मजबूर तेरा
पगड़ी तेरे द्वार पे खोली सिर पे हाथ फिरा
सांवरियां आ जा ना सांवरिया आ जा ना

टूट न जाए जीव सास का बड़ा ही कचा बंदन है
रीतुये बदले हर पखवडे इन आँखों में सावन है
आस तेरी विश्वाश तेरा है
अब मत न तडपा
सांवरियां आ जा ना सांवरिया आ जा ना

हार गया रिश्ते नातो से हार गया मोह माया से
गठरी सांसारिक है भारी सेहन न होता काया से
निर्मल की शक्ति बन के तू हिवडे ज्योत जगा
सांवरियां आ जा ना सांवरिया आ जा ना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16698/title/kab-se-pukaaru-naam-tumhara-ab-na-der-lga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |